# Ph.D. (CDAST) Entrance Examination 2017

Time : 2 Hours | Max. Marks : 80

प्रवेश-पत्र संख्या / Hall Ticket No. ____________________

**अनुदेश/Instructions :**

कृपया इस पृष्ठ पर तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर अपनी प्रवेश-पत्र संख्या **जरूर लिखें ।**
Please enter your Hall Ticket Number on this page and also on the OMR answer sheet **without fail before answering the questions.**

ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका पर दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रश्नों के उत्तर ओ.एम.आर. शीट पर ही लिखे जाने चाहिए ।
Answers are to be marked on the OMR answer sheet only following the instruction provided there upon.

प्रश्न-पत्र में कुल 80 वैकल्पिक प्रश्न भाग 'ए' और भाग 'बी' के अंतर्गत दिये गये हैं । भाग 'ए' के प्रश्नों के लिए 'नेगेटिव मार्किंग' (Negative marking) है । इसलिए भाग 'ए' के हर गलत उत्तर के लिए **कुल प्राप्त अंकों (भाग 'ए' और भाग 'बी' ) में से 0.33 अंक काट दिये जाएंगे ।**
The question paper consists of 80 objective type questions in two parts (Part-A and Part-B) and there will be **negative marking of 0.33 marks for every wrong answer in Part A. The negative marks will be deducted from the total marks obtained (i.e. Part A and Part B).**

परीक्षा के उपरान्त ओ.एम.आर. उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक को सौंप दें ।
Handover the OMR sheet at the end of the examination to the invigilator.

## Entrance Examination 2017 - Ph.D. (CDAST)

सूचना : **निम्नलिखित प्रश्नों के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं जिनमें केवल एक उत्तर सही है । सही उत्तर चुनकर OMR Sheet पर यथास्थान चिह्नित कीजिए ।**

### PART - A

| | |
|---|---|
| 1. | 'शोध' का अर्थ है -<br>A. प्रामाणीकरण B. खोजना<br>C. निर्धारण D. संयोजन |
| 2. | 'सत्य ज्ञानमनंतम् ब्रह्म' - यह कथन इसमें मिलता है -<br>A. याज्ञ्यवल्क्य स्मृति B. भगवद् गीता<br>C. मनुस्मृति D. तैत्तिरीयोपनिषद् |
| 3. | वस्तुनिष्ठ वैज्ञानिक शोध को इस प्रकार का अनुसंधान कहते हैं -<br>A. तथ्य प्रधान B. आलोचना प्रधान<br>C. समीक्षा प्रधान D. व्यावहारिक शोध |
| 4. | अतीत की उपलब्धियों का मूल्यांकन इस शोध के बल पर होता है -<br>A. समाजशास्त्रीय शोध B. मनोवैज्ञानिक शोध<br>C. ऐतिहासिक शोध D. भाषावैज्ञानिक शोध |
| 5. | परिशिष्ट का वाच्यार्थ है -<br>A. सहायक ग्रंथ-सूची B. संदर्भ ग्रंथ-सूची<br>C. किसी पुस्तक का पूरक अंश D. साहित्यकार से साक्षात्कार |
| 6. | दो या दो से अधिक भाषाओं के समान कवियों, कृतियों और प्रवृत्तियों का अनुसंधान इस पद्धति के बल पर किया जात है -<br>A. सर्वेक्षण-अध्ययन पद्धति B. क्षेत्रीय अध्ययन पद्धति<br>C. तुलनात्मक अध्ययन पद्धति D. ऐतिहासिक अध्ययन पद्धति |
| 7. | इस पद्धति के बल पर साहित्य के किसी कालखण्ड, अंग विशेष या प्रवृत्ति का क्रमबद्ध विवरण उपस्थिति किया जाता है -<br>A. निगमन पद्धति B. वर्गीय अध्ययन पद्धति<br>C. सर्वेक्षण पद्धति D. आलोचनात्मक अध्ययन पद्धति |

8. इस विधि के बल पर शोध-विषय से संबद्ध व्यक्तियों से साक्षात वार्तालाप करके सामग्री संकलन किया जाता है -

A. प्रश्नोत्तर विधि
B. साक्षात्कार विधि
C. टिप्पणी विधि
D. रिपोर्टिंग विधि

9. 'पाठानुसंधान' का अर्थ है -

A. पाठ संबंधी अशुद्धियों का अनुसंधान
B. धार्मिक ग्रंथों के पाठों का अनुसंधान
C. पाठों का गठन संबंधी अनुसंधान
D. प्राचीन पाठों के लुप्त अंशों के पुनर्निमाण से संबंधित अनुसंधान

10. 'निर्गुण स्कूल ऑफ हिन्दी पोइट्री' शोध प्रबंध के बल पर किस विद्वान को डी-लिट की उपाधि मिली ?

A. बाबूराम सक्सेना
B. पीताम्बरदत्त बडथ्वाल
C. एल.पी. टैसीटोरी
D. जे.एन. कार्पेंटर

11. 'हिन्दी के स्वीकृत प्रबंध' (1964) पुस्तक के संपादक हैं --

A. कृष्णाचार्य
B. उदयभानु सिंह
C. गिरिराज शरण अग्रवाल
D. एस.एन. गणेशन

12. अनुसंधान का स्वरूप (1954) किनके द्वारा संपादित पुस्तक है -

A. विश्वनाथ प्रसाद
B. सावित्री सिन्हा
C. शशिभूषण सिंहल
D. नगेन्द्र

13. अंग्रेजी शासन काल में 1857 ई. में भारत के इन शहरों में प्रथम विश्वविद्यालयों की स्थापना की गयी ।

A. कलकत्ता, बम्बई और मद्रास
B. पुणे, बनारस और कलकत्ता
C. बम्बई, बनारस और इलाहाबाद
D. पटना, बनारस और कलकत्ता

14. ओरियंटल पंडितों को सम्मानीय डॉक्टर की उपाधि देने की प्रथा किस वर्ष के बने कानून के अनुसार प्रारंभ हुई ।

A. 1884 ई.
B. 1883 ई.
C. 1917 ई.
D. 1907 ई.

15. कबीरदास की रचनाओं पर सबसे पहले किस विद्वान ने अनुसंधान किया -

A. गोविंद त्रिगुणायत
B. पारसनाथ तिवारी
C. केदारनाथ दूबे
D. एफ.ई.के.


16. हिन्दी की बोलियों के लोक साहित्य को लेकर सबसे पहले अनुसंधान करने वाले विद्वान हैं --


A. कृष्णदेव उपाध्याय
B. सत्येन्द्र (गौरी शंकर कुलश्रेष्ठ)
C. सत्यव्रत सिन्हा
D. कन्हैयालाल सहगल


17. 'हिन्दी शोध के प्रथम चरण में' (1960 तक) किस भारतीय विश्वविद्यालय में अधिकाधिक हिन्दी शोध-प्रबंध प्रस्तुत हुए -


A. इलाहाबाद विश्वविद्यालय
B. लखनऊ विश्वविद्यालय
C. आगरा विश्वविद्यालय
D. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

नीचे लिखे गए प्रश्न संख्या 18 से 22 तक के लिए कुछ आरेख दिये गये हैं । प्रत्येक प्रश्न में प्रदत्त तथ्यों के बीच संबंध की प्रकृति के आधार पर सटीक आरेख चुनिए -

A. 

B. 

C. 

D. 

18. पलंग, फर्नीचर, किताब


19. मछली, सरीसृप, नाग

20. आउटडडोर गेम, क्रिकेट, हॉकी

21. भारत, अमेरिका, नाइज़ीरिया

22. भारत, मेघालय, पाण्डिचेरी

निर्देश : प्रश्न संख्या 23 से 27 तक के प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गये चित्र के आधार पर दीजिए ।




23. कौन-सा कथन असत्य है ?

A. कुछ नर्तक शिक्षक हैं ।
B. कुछ विवाहित शिक्षक हैं ।
C. कुछ विवाहित नर्तक कलाकार हैं ।
D. कुछ कलाकार शिक्षक हैं ।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 24. | विवाहित शिक्षक जो नर्तक कलाकार नहीं हैं, उन्हें किस संख्या से दर्शाया गया है ? | | |
| | A. 9 | B. 5 | |
| | C. 2 | D. 1 | |
| 25. | जो नर्तक विवाहित शिक्षक हैं, उन्हें किस संख्या से दर्शाया गया है ? | | |
| | A. 9 | B. 8 | |
| | C. 7 | D. 6 | |
| 26. | विवाहित कलाकार जो शिक्षक नहीं हैं, उन्हें किस संख्या से दर्शाया गया है ? | | |
| | A. 5 | B. 4 | |
| | C. 3 | D. 2 | |
| 27. | जो विवाहित शिक्षक कलाकार हैं, उन्हें किस संख्या से दर्शाया गया है ? | | |
| | A. 1 | B. 3 | |
| | C. 5 | D. 7 | |
| 28. | प्राकृत भाषा के किस शब्द से 'खोज' शब्द का विकास हुआ है ? | | |
| | A. खोजक | B. खोज्ज | |
| | C. तलाश | D. गवेषणा | |
| 29. | अनुसंधान की प्रक्रिया का यह प्रथम चरण होता है - | | |
| | A. विषय निर्वाचन | B. तथ्य विश्लेषण | |
| | C. समस्या की पहचान | D. सामग्री संकलन | |
| 30. | किसी भारतीय विश्वविद्यालय के द्वारा डॉक्टरेट की उपाधि केलिए स्वीकृत हिन्दी विषय से संबंधित प्रथम शोध प्रबंध का शीर्षक है- | | |
| | A. तुलसी-दर्शन (बलदेव प्रसाद मिश्र) | | |
| | B. एवाल्यूएन ऑफ अवधि (बाबूराम सक्सेना) | | |
| | C. ल लांग ब्रज (धीरेन्द्र वर्मा) | | |
| | D. सूरदास का धर्मिक काव्य (जनार्दन मिश्र) | | |
| 31. | साहित्य का समाजशास्त्रीय दृष्टि से अध्ययन इनमें से किसने प्रारंभ किया - | | |
| | A. मैक्स वेबर | B. मदाम द स्ताल | |
| | C. राबर्ट एक्सार्पिट | D. जान हॉल | |
| 32. | कथा साहित्य में चित्रित पात्रों की अंतश्चेतना का अध्ययन इस अनुसंधान पद्धति के बल पर किया जाता है - | | |
| | A. मिथकीय अनुसंधान पद्धति | B. नृवैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति | |
| | C. मनोवैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति | D. समाजशास्त्रीय पद्धति | |

| | |
|---|---|
| 33. | अंतर्विद्यावर्ती शोध किसे कहते हैं -<br>A. दो सिद्धांतों की तुलना के बल पर अनुसंधान करना<br>B. पारस्परिक संसर्ग और व्यवहार की दृष्टि से अनुसंधान करना<br>C. दो ज्ञान के क्षेत्रों की अन्योन्याश्रिता और परस्पर निर्भरता की दृष्टि से अनुसंधान करना<br>D. किन्हीं सिद्धांतों या वादों के बल पर अनुसंधान करना |
| 34. | 'अनुसंधान' शब्द अंग्रेजी के किस शब्द का निकटतम पर्याय है ?<br>A. डिस्कवरी (Discovery) B. इन्वेंशन (Invention)<br>C. रिसर्च (Research) D. इन्क्वयरी (Inquiry) |
| 35. | लोक कथा के अनुसंधान में इसके प्रति ध्यान दिया जाना चाहिए -<br>A. पृष्टभूमि के लोकविश्वास और लोक-दर्शन B. परंपरागत स्रोत और चिंतन<br>C. आध्यात्मिक स्रोत एवं दर्शन D. प्रामाणिकता एवं मानकता |
| 36. | एक अधिकारी आदर्श अनुसंधाता में निम्नलिखित गुणों की अपेक्षा की जाती है -<br>A. यात्रा करने की अभिवृत्ति और सामग्री संकलन की तत्परता<br>B. अनुकूल मनोवृत्ति, बौद्धिकता, तत्परता, अध्यवसाय और सहिष्णुता<br>C. पारिभाषिक शब्दावली पर अधिकार और प्रयोग की क्षमता<br>D. समवयस्कों और सव्यवसायियों के साथ अच्छे संबंध |
| 37. | शोध-प्रबंध में सहायक-ग्रंथ सूची का निर्माण सामान्य रूप से इस क्रम में किया जाता है-<br>A. सहायक ग्रंथों के प्रकाशन वर्ष का क्रम<br>B. सहायक ग्रंथों के शीर्षकों का अकारादि क्रम<br>C. सहायक ग्रंथों के विषय का क्रम<br>D. सहायक ग्रंथों के लेखकों का क्रम |
| 38. | भाषाविज्ञान की जिस पद्धति में किसी भाषा की इकाइयों के उद्भव और विकास का कालक्रमानुसार अध्ययन किया जाता है, उसे कहते हैं -<br>A. वर्णनात्मक पद्धति B. ऐतिहासिक पद्धति<br>C. तुलनात्मक पद्धति D. संरचनात्मक पद्धति |
| 39. | इस सिद्धांत के अनुसार मनुष्य ने अपनी आंगिक चेष्टाओं का वाणी द्वारा अनुकरण किया और इसीसे भाषा की उत्पत्ति हो गई -<br>A. प्रतिक्रिया ध्वनि सिद्धांत B. अनुकरण सिद्धांत<br>C. संकेत सिद्धांत D. इंगित सिद्धांत |

| | |
|---|---|
| 40. | जब शब्दों का अर्थ सीमित एवं संकुचित क्षेत्र से अधिक विस्तृत और व्यापक हो जाता है, उसे कहते हैं -<br>A. अर्थादेश B. अर्थ-विस्तार<br>C. अर्थोत्कर्ष D. अर्थोपदेश |

## PART - B

| | |
|---|---|
| 41. | हिन्दी साहित्य में दलित चेतना का प्रादुर्भाव इस साहित्य से माना जाता है -<br>A. जैन साहित्य B. नाथ साहित्य<br>C. सिद्ध साहित्य D. लौकिक साहित्य |
| 42. | "एक बून्द एकै मलमूतर, एक याम एक गूदा ।<br>एक जोति में सब उतपनां, कौन बामह्न कौन सूदा" - यह किस कवि का दोहा है --<br>A. दादू B. रैदास<br>C. सुन्दरदास D. कबीरदास |
| 43. | "शूद्रों ! उठो तुम भी कि भारत भूमि डूबी जा रही ।<br>है योगियों को बी आगम जो ब्रत तुम्हारा वही ।।" - किस कवि की पंक्तियाँ हैं --<br>A. बाल मुकुन्द गुप्त B. प्रतापनारायण मिश्र<br>C. मैथिलीशरण गुप्त D. सियारामशरण गुप्त |
| 44. | "तुम गरजो आज प्रलय होगी<br>शोषक वर्गों की क्षय होगी<br>दुनिया के कोने-कोने से<br>मजलूमों की जय होगी ।। " - यह किस कवि की पंक्ति है -<br>A. बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' B. निराला<br>C. सुमित्रानंदन पंत D. शिवमंगल सिंह 'सुमन' |
| 45. | "आज जानकी कब जान गयी है,/ अब वह धरती में नहीं<br>आकाश में जाना चाहती है / बिजली सी चमक कर<br>संदेश देना चाहती है-/ पुरुष प्रधान समाज में /<br>स्त्री भी / समानता की अधिकारी है ।" - ये पंक्तियाँ किस कवि की हैं --<br>A. रजनी तिलक B. सुशीला टाकभौरे<br>C. ज्योति कलस D. नीरा परमार |

| | |
|---|---|
| 46. | घुमक्कड़ और जरामयपेशा करनट जाति के जीवन को रंगेय राघव ने अपने किस उपन्यास में चित्रित किया है -<br>A. कब तक पुकारूँ B. लखिमा की आँखें<br>C. अँधेरे के जुगनू D. मुर्दों का टीला |
| 47. | 'भागो नहीं दुनिया को बदलो' कहानी में किस लेखक ने भैया के वक्तव्य के माध्यम से भारतीय समाज में दलितों की दैन्यावस्था का चित्रण किया है -<br>A. पाण्डेय बेचनशर्मा 'उग्र' B. उपेन्द्रनाथ 'अश्क'<br>C. राहुल सांकृत्यायन D. शिवप्रसाद सिंह |
| 48. | हिन्दी दलित साहत्य का प्रसिद्ध उपन्यास 'छप्पर' के लेखक का नाम है -<br>A. सत्य प्रकाश B. जयप्रकाश कर्दम<br>C. श्रवणकुमार D. शरण कुमार लिम्बाले |
| 49. | 'छठी की रात' किनके द्वारा लिखित एकांकी है --<br>A. माता प्रसाद B. कंवल भारती<br>C. रत्नकुमार सांभरियाँ D. सूरजपाल चौहान |
| 50. | 'आदिखण्डकाव्य' किनकी रचना है ?<br>A. गणेश शंकर विद्यार्थी B. स्वामी अछूतानंदजी 'हरिहर'<br>C. प्रतापनारायण मिश्र D. सत्यनारायण कविरत्न |
| 51. | 'मुक्ति-पथ' किनका उपन्यास है ?<br>A. ओमप्रकाश वाल्मीकि B. अभयमौर्य<br>C. मोहनदास नैमिशराय D. देवीदयाल सेन |
| 52. | 'जूठन' किनकी आत्मकथा है ?<br>A. कौशल्या बैसंत्री B. ओमप्रकाश वाल्मीकि<br>C. सूरजपाल D. डी.आर. जाटव |
| 53. | 'चमरवा' किनके द्वारा लिखित दलित कहानी है ?<br>A. रत्नकुमार सांभरिया B. जयप्रकाश कर्दम<br>C. ओमप्रकाश वाल्मीकि D. मोहनदास नैमिशराय |
| 54. | दलितों के मंदिर प्रवेश की समस्या का चित्रण प्रेमचन्द के इस उपन्यास में हुआ है --<br>A. रंगभूमि B. गोदान<br>C. कर्मभूमि D. सेवासदन |

| | |
|---|---|
| 55. | 'दलित साहित्य का स्त्रीवादी स्वर' किसकी पुस्तक है ?<br>A. डॉ. विमल थोरात B. कँवल भारती<br>C. चौथीराम यादव D. डॉ. सुशीला टाकभौरे |
| 56. | 'हीरामन' किनका काव्य संग्रह है ?<br>A. माताप्रसाद B. डॉ. धर्मवीर<br>C. डॉ. प्रेमशंकर D. पुरुषोत्तम सत्यप्रेमी |
| 57. | डॉ. श्यौराजसिंह 'बेचैन' के काव्य संग्रह का नाम है --<br>A. क्रौंच हूँ मैं B. क्रांति शेष है<br>C. आजाद है हम D. दृष्टिकोण |
| 58. | मोहनदास नैमिशराय के द्वारा लिखित दलित उपन्यास का शीर्षक है --<br>A. अदालतनामा B. अपने-अपने पिंजरे<br>C. क्या मुझे खरीदोगे D. सफदर एक बयान |
| 59. | 'एनीहिलेशन ऑफ कास्ट' किताब के लेखक कौन हैं ?<br>A. जोतिबाफूले B. महात्मा गांधी<br>C. जगजीवन राम D. भीमराव अंबेडकर |
| 60. | "कबीर : बाज भी, कपोत बी, पपीहा भी" - के लेखक कौन हैं ?<br>A. कँवल भारती B. धर्मवीर<br>C. सुखदेव थोरात D. रमणिका गुप्ता |
| 61. | 'उत्तरशती के विमर्श और हाशिए का समाज' किसकी पुस्तक है ?<br>A. चौथीराम यादव B. सूरज बड़त्या<br>C. रूपचन्द गौतम D. सी.डी. सिंह |
| 62. | दयानन्द बटोही के कहानी संग्रह का नाम है --<br>A. चन्द्रमौली के रक्तबीज B. कफनखोर<br>C. सिलसिला D. हमारे वैज्ञानिक जीवनी सांगा |
| 63. | 'मणिकर्णिका' इनकी आत्मकथा का नाम है -<br>A. तुलसीराम B. दयापवार<br>C. राज बाल्मीकि D. धर्मवीर |
| 64. | 'अपेक्षा' (त्रैमासिक समीक्षा) के संपादक कौन हैं ?<br>A. महिपाल सिंह B. तेज सिंह<br>C. दिनेश राम D. देश निर्मोही |

| | |
|---|---|
| 65. | शरण कुमार लिम्बाले की मराठी दलित आत्मकथा 'अक्करमासी' का हिन्दी अनुवाद किस अनुवादक ने किया है ?<br>A. सूर्यनारायण रणसुभे B. किशोर शान्ताबाई काले<br>C. एन.एम. निगमड़े D. इ. सोनकाम्बले |
| 66. | इनमें से किस नाटक में जातिवाद की समस्या की चर्चा की गई है -<br>A. तीन अपाहिज B. कोर्टमार्शल<br>C. कर्फ्यू D. टूटते परिवेश |
| 67. | दलित लेखकों की निम्नलिखित आत्मकथाओं का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है -<br>A. मेरा बचपन मेरे कंधों पर, झोपड़ी से राज भावन, शिकंजे का दर्द, मणिकर्णिका<br>B. शिकंजे का दर्द, झोपड़ी से राज भावन, मणिकर्णिका, मेरा बचपन मेरे कंधों पर<br>C. झोपड़ी से राज भावन, मेरा बचपन मेरे कंधों पर, शिकंजे का दर्द, मणिकर्णिका<br>D. झोपड़ी से राज भावन, शिकंजे का दर्द, मेरा बचपन मेरे कंधों पर, मणिकर्णिका |
| 68. | मराठी भाषा के बाद किस भारतीय भाषा के साहित्य में दलित चेतना को सबसे पहले ग्रहण किया ?<br>A. तमिल B. हिन्दी<br>C. तेलुगु D. कन्नड़ |
| 69. | हिन्दी की प्रसिद्ध कहानी पत्रिका 'सारिका' के दो दलित विशेषांकों का प्रकाशन इस वर्ष हुआ---<br>A. सन् 1970 B. सन् 1975<br>C. सन् 1983 D. सन् 1986 |
| 70. | रमणिका गुप्ता द्वारा संपादित इस कहानी संग्रह में दलित लेखकों के द्वारा लिखित 18 कहानियाँ संकलित हैं ---<br>A. दृष्टिकोण B. सलाम<br>C. चार इंच की कलम D. यातना की परछाइयाँ |
| 71. | अमेरिका के ब्लैक पैन्थर्स के तर्ज पर दलित पैंथर आन्दोलन का प्रारंभ भारत के इन शहरों में किस वर्ष हुआ ?<br>A. नागपुर और मुम्बई में सन् 1970 में<br>B. मुम्बई और पूणे में सन् 1978 में<br>C. मुम्बई और पूणे में सन् 1972 में<br>D. नागपुर और पूणे में सन् 1974 में |

| | |
|---|---|
| 72. | मध्य प्रदेश के गौंड आदिवासी जनजीवन को कथावस्तु बना कर लिखे गये और 1952 में प्रकाशित देवेन्द्रनाथ सत्यार्थी के उपन्यास का नाम है-<br>A. रथ के पहिये<br>B. ब्रह्मपुत्र<br>C. सागर लहरें और मनुष्य<br>D. रक्त यात्रा |
| 73. | सन् 1920 के आस-पास जिस आदि धर्म आन्दोलन का प्रारंभ पंजाब में हुआ उसका मुख्य लक्ष्य था -<br>A. अस्पृश्यता का विरोध<br>B. समाजिक समानता की प्राप्ति<br>C. दलितों का एकीकरण<br>D. हिन्दू-धर्म का विकास |
| 74. | भारतीय संसद ने किस वर्ष मानवाधिकार अधिनयम की स्थापना की -<br>A. सन् 1999<br>B. सन् 1994<br>C. सन् 1993<br>D. सन् 1986 |
| 75. | 'चिपको आन्दोलन' विषय पर अध्ययन करनेवाले विद्वानों में इनका नाम उल्लेखनीय है-<br>A. अमिता बाविस्कर<br>B. रामचन्द्र गुहा<br>C. हरगोपाल और बाल गोपाल<br>D. वी.आर. कृष्ण अय्यर |
| 76. | तेजिन्दर का उपन्यास 'कालापदरी' (2002) की मुख्य समस्या है -<br>A. धर्मान्तरण का चित्रण<br>B. अस्पृश्यता का विरोध<br>C. अनमेल विवाह का चित्रण<br>D. पर्यावरण सुरक्षा |

| | |
|---|---|
| 77. | “यही है / वह जगह / जहाँ पेड़ों और आदमियों से / एक साथ बतियाना मुमकिन है।” - किनकी कविता की पंक्ति है -<br>A. हरिराम मीणा<br>B. ज्ञानेन्द्रपति<br>C. सुधीर सक्सेना<br>D. सुदीप बनर्जी |
| 78. | आदिवासी समाज की विभिन्न समस्याओं को उजागर करते हुए लिखित ‘एक बार फिर’ किस नाटककार का नाटक है -<br>A. मंगल सिंह मुण्डा<br>B. वाल्टर भेंगरा ‘तरुण’<br>C. प्रभात<br>D. सुनील कुमार ‘सुमन’ |
| 79. | “बूढ़ी शाखों का वार्तालाप” - किनकी आदिवासी कहानी है -<br>A. पीटर पाल एक्का<br>B. शंकरलाल<br>C. केदार मीणा<br>D. रामधन लाल |
| 80. | “दक्षिण राज्यों का आदिवासी साहित्य मंच” का सम्मेलन कन्नड़ विश्वविद्यालय, हंपी में किस वर्ष हुआ था ?<br>A. सन् 2005<br>B. सन् 2004<br>C. सन् 2002<br>D. सन् 2003 |

***